प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने वाराणसी में किया काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को परिलक्षित करता है काशी तमिल संगमम।
3. प्रयागराज महाकुंभ में आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल समेत कई मंत्रियों ने लगाई आस्था की डुबकी।

और

4. प्रयागराज जिले में बीती रात बस और कार की टक्कर में 10 की मौत, 19 घायल : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक।

———————

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान; मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ; और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि काशी तमिल संगमम

एक भारत श्रेष्ठ भारत को दिखाता है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 144 साल के बाद एक सौभाग्य लेकर आया है, प्रधानमंत्री की विशेष इच्छा पर काशी तमिल संगमम में आए हुए अतिथियों को महाकुंभ में स्नान कराया जाएगा। बाइट...

*मेरे को दायित्व दिया, इस बार की काशी तमिल संगमम जब होगा सभी अतिथियों को कुंभ के दर्शन कराने का अवसर दिया जाये। उनको कुंभ में रहने की सुविधा दिया जाये, काशी बाबा विश्वनाथ के दर्शन महाकुंभ में स्नान के अवसर आप सौभाग्यशाली होंगे। तमिलनाडु की जनता की ओर से आप प्रतिनिधित्व कर रहे है। मैं पूरे भारत की ओर से बधाई देता हूं अनेक अनेक सुवेचछा।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को बढ़ाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने देश को जोड़ने का कार्य किया है। बाइट.....

*भारत की एकता के संदेश के साथ जोड़ने का काम किया है और यह संदेश जहां जाति का केन्द्र नहीं जाति का भेद नहीं, क्षेत्र का भेद नहीं इससे बड़ा आयोजन दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ है यह अब तक सबसे बड़ा आयोजन 51 करोड़ श्रद्धालुओं को अब तक अपने साथ जोड़ चुका है।*

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने स्वागत भाषण में कहा कि काशी तमिल संगम कला और संस्कृति को जानने का एक बेहतर मंच है। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को दर्शाता है। पेश है एक रिपोर्ट....

*काशी तमिल संगमम का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के विद्वानों, छात्रों, दार्शनिकों, व्यापारियों, कलाकारों को साथ लाने और एक–दूसरे के अनुभव से सीखने का अवसर प्रदान करना है। इस वर्ष, सरकार ने तमिलनाडु से पाँच श्रेणियों में लगभग एक हजार प्रतिनिधियों को लाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य विषय स्वास्थ्य, दर्शन, विज्ञान, शास्त्रीय तमिल साहित्य और राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता में*

*ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना है। 10 दिनों तक चलने वाला यह आयोजन 24 फरवरी को समाप्त होगा। इनके प्रतिनिधियों को प्रयागराज संगम, में पवित्र स्नान और अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ का कहना है कि प्रयागराज में इसके आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

काशी तमिल संगमम–3 की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामनाएं दी है। एक संदेश में प्रधानमंत्री ने लिखा है कि काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताज़ा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। उन्होंने लिखा है कि लोगों की संपूर्ण भागीदारी ने इस आयोजन को एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है।

————————

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। आज शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। इसी क्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओमबिरला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, हरदीप पुरी और चिराग पासवान ने संगम में पवित्र स्नान किया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी आज प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संगम में स्नान कर देशवासियों केसुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा

कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है। बाइट.....

*महा दिव्य कुंभ से सबका कल्याण हो, सब जन–ज7 का कल्याण हो, समृद्धि हो, खुशहाली हो, हम गंगा मां से ये प्रार्थना करते है तुम्हारी कृपा हम पर बनी रहे और भारत की जो आस्था है, विश्वास है भरोसा है, दुनिया में आध्यात्मिक रूप से जो ऊर्जा हमारे आध्यात्मिक संस्कृति, हमारे आध्यात्मिक प्रेरणा व्यक्ति को जीवन जीने की राह बताता है।*

केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पवित्र डुबकी के बाद परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महाकुम्भ एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है। बाइट.....

*महाकुंभ भगवान की आस्था तो है ही, ईश्वर के प्रति हम सबकी विश्वास का एक प्रतीक है लेकिन सब एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी ये प्रतिबिम्ब के रूप में सामने है।*

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने महाकुंभ के भव्य आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से ही इतना बड़ा आयोजन संभव हो सका है। बाइट.....

*मैं समझता हूं पर्सनली मेरा सौभाग्य है कि मुझे यह मोका मिलेगा, बहुत ही हम अपने आप को लकी समझते है योगी सरकार तो बहुत बढ़िया काम कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी और एक योगी जी है डबल इंजन की सरकार है तभी इतना ग्रैंड केल पर ऐसा हो रहा है।*

अपने मंत्रिमंडल के साथ संगम में स्नान करने पहुंचे गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने महाकुंभ में की गई व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोवा सरकार ने

विशेष ट्रेनों के ज़रिए श्रद्धालुओं को महाकुंभ भेजने का इंतज़ाम किया है।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रयागराज में महाकुंभ में बड़ो संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने अगले तीन दिन के दौरान दो हजार दो सौ पचास अतिरिक्त बसें चलाने की घोषणा की है।

प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्रयागराज के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशनों पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित होगी, ताकि बसों का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल महाकुम्भ में जलवायु सम्मेलन और बर्डफेस्टिवल का शुभारंभ करेगें। कुम्भ की

आस्था व जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित जलवायु सम्मेलन में धर्मगुरु, पर्यावरणविद्, अनेक सामाजिक संगठन और उद्योग जगत के लोग शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश में 2017 से बर्ड फेस्टिवल का आयोजन शुरू हुआ था। हर साल इसेप्रदेश के अलग अलग ज़िलों में आयोजित किया जाता है। इस बार यह आयोजन महाकुम्भ,प्रयागराज में होगा। संगम तट पर कल से शुरू हो रहे बर्ड फेस्टिवल का मैसकट स्किमर पक्षी को बनाया गया है। भारतीय स्किमर नदियों के स्वास्थ्य का संकेत देने वाला महत्वपूर्ण पक्षी है। यह संगम क्षेत्र में भी पाया जाता है। स्किमर के संवर्धन और संरक्षण पर सबका ध्यान आकृष्ट करने के लिए इसे इस बार बर्ड फेस्टिवल का मैसकट बनाया गया है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

—————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली का स्वर्ण जयंती समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल वर्चुअली शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती द्वार का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयन्ती स्मारिका का विमोचन भी किया।

—————————

प्रयागराज जिले के मेजा क्षेत्र में बीती रात को हुए सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 19 लोग घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती

कराया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रयागराज–मीरजापुर हाइवे पर देर रात लगभग दो बजे एक बस और चार पहिया वाहन में टक्कर से यह हादसा हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हादसे पर गहरा शोक जताया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिह ने हादसे पर दुख जताया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी घटना पर दुख प्रकट किया है। मृतक श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रहने वाले थे।

(समाप्त)